रेतीले बवंडर में घिर गया पूरा चीन पड़ोसी मंगोलिया से 341 लोग गायब

- चीन के ज्यादातर हिस्सों को धूल से भर दिया
- मंगोलिया की राजधानी में कई उड़ाने रद्द

बीजिंग, 15 मार्च (एजेंसियां)। चीन की राजधानी बीजिंग में पिछले कुछ दशकों में पहली बार भीषण रेतीला तूफान आया है। सोमवार को चीन की राजधानी बीजिंग पूरी तरह से धूल से सन गई। बताया जा रहा है कि तेज हवाओं की वजह से गोबी के रेगिस्तान से यह आंधी उठी और चीन के ज्यादातर हिस्सों को धूल से भर दिया। बीजिंग में 400 उड़ानों को रद किया गया है। इससे पहले रविवार को चीन के पड़ोसी देश मंगोलिया में भीषण आंधी आई थी जिसके बाद से कम से कम 341 लोग लापता हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक इनर मंगोलिया की राजधानी होहहोत में कई उड़ानों को रद कर दिया गया है। गोबी मरुस्थल काफी विशाल और बंजर है जो पश्चिमोत्तर चीन से लेकर दक्षिणी मंगोलिया तक पसरा हुआ है। चीन के मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है और बताया है आंधी इनर चीन के गांसू, शांक्सी और हेबेई तक फैले हैं जो बीजिंग के चारों स्थित है। धूलभरी आंधी की वजह से बीजिंग के हवा की गुणवत्ता पाताल में पहुंच गई है। यहां इंडेक्स सोमवार सुबह अधिकतम स्तर यानि 500 तक पहुंच गया है। पीएम10 का स्तर कई जिलों में बहुत खतरनाक तरीके से बढ़ गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक प्रतिदिन पीएम 10 का स्तर 50 माइक्रोग्राम से ज्यादा नहीं [illegible] फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले कणों का स्तर भी 300 माइक्रोग्राम के ऊपर पहुंच गया है। चीन में यह मानक 35 माइक्रोग्राम है।



क्या है वजह

ये धूल भरी आंधी मंगोलिया के पठारों से उड़ी धूल की वजह से आई है। चाइना मेटरोलॉजिकल एडमिनिस्ट्रेशन ने बीजिंग और आसपास के इलाके में यलो अलर्ट जारी किया है। ये सैंडस्टॉर्म (धूल भरी आंधी) इनर मंगोलिया से शुरू होकर गांसू, शांसी और हेबेई प्रांत तक फैला रहा।

10 सालों का सबसे खतरनाक धूल की आंधी

दरअसल, चीन की राजधानी बीजिंग में पिछले 10 सालों का सबसे खतरनाक सैंडस्टॉर्म आया है। इस रेतीले तूफान की वजह से पूरे बीजिंग शहर में दृश्यता बेहद कम हो गई, शहर पीले रंग की हल्की रोशनी में ढंक गया। हवा में धूल के कणों के कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 पार गया। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य के लिहाज से इन हालात को बेहद खतरनाक बताया है।

400 से अधिक हवाई उड़ानें रद्द

स्थानीय मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है, पिछले एक दशक में ऐसा सैंडस्टॉर्म कभी नहीं आया। यह तूफान इस दशक का सबसे खतरनाक बालू का तूफान है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 500 और दृश्यता 1,000 मीटर से कम हो गई। फ्लाईमास्टर के आंकड़ों से पता चला है कि बीजिंग के दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर 400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

सुडोकू 5421

3		2				8		
					7		2	
	1	6			8			9
					5		9	
5			1		4			7
	4		6					
1			9			3	7	
	3		7					
		4				1		5

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

ASTROLOGY.FM FOR ASTROLOGY DIAL 55181

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 16 मार्च 2021, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2

राशिफल

मेष - गणेशजी के कथनानुसार आज का दिन आनंद व उल्लास से भरा हुआ होगा व शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज किए गए हर कार्य में सफलता मिलेगी। घर का वातावरण प्रफुल्लित रहेगा।

वृषभ - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी नहीं है ऐसा गणेशजी कहते हैं। अनेक प्रकार की चिंता सताएगी व शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा।

मिथुन - आज अनेक रूप से लाभ होने के कारण आपके हर्षोल्लास में दुगुनी वृद्धि होगी ऐसा गणेशजी सोचते हैं। पत्नी एवं पुत्र की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।

कर्क - गणेशजी के अनुसार आज का दिन आप के व्यवसाय के लिए लाभदायी है। आप पर उच्च अधिकारीगण की कृपादृष्टि होगी और आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। पदोन्नति की पूरी संभावना है।

सिंह - आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत करेगें एवं स्नेहीजनों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर है। कर्मनिष्ठ होकर हाथ पर रहे काम को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। आपका व्यवहार आज न्यायानुकूल रहेगा।

कन्या - गणेशजी आज वाणी संयम रखने का सूचन करते हुए यह कहते हैं कि आज किसी नए कार्य का प्रारंभ न करें और क्रोध एवं आवेश में वृद्धि न आए इसका ध्यान रखें।

तुला - आज का दिन में आप का मन मित्रों व स्नेहीजनों के साथ खान-पान, सैर-सपाटे एवं प्रेम सम्बंधों की वजह से प्रफुल्लित रहेगा। यात्रा पर्यटन के योग हैं। आज मनोरंजन साधनों एवं वस्त्रालंकारों की खरीदी का योग है।

वृश्चिक - आप का पारिवारिक वातावरण आनंद व उल्लास से लबालब भरा रहेगा। तन में चेतना एवं स्फूर्ति का संचार होगा। प्रतिस्पर्धी एवं दोस्त के वेश में छिपे शत्रु अपने प्रयासों में असफल रहेंगे। दफ्तर में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

धनु - आज कार्य सिद्धि व सफलता न मिले तो हताश न होने की सलाह देते हुए गणेशजी यह सूचित करते हैं कि क्रोध पर संयम रखिएगा। संतति से सम्बंधित विविध प्रश्नों के विषय में मन चिंताग्रस्त रहेगा।

मकर - आप का आज का दिन अशुभ बताते हुए गणेशजी कहते हैं कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूर प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिवारजनों के साथ अनिच्छनीय प्रसंग घटने की वजह से मन में अशांति होगी।

कुंभ - गणेशजी कहते हैं कि चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक बीतेगा। भाई-बंधुओं एवं स्नेहीजनों से मेलजोल बढ़ेगा।

मीन - गणेशजी आज आपको चेतावनी देते हुए यह समझाते हैं कि जिह्वा पर संयम न रखने से लड़ाई-झगड़े की संभावना बनी रहेगी। खर्च पर भी संयम रखना अतिआवश्यक है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1690 - फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने आयरलैंड में सेना भेजी।
1846 - अमृतसर संधि के मुताबिक कश्मीर का आधिपत्य जम्मू के हिंदू राजा गुलाब सिंह को दे दिया गया।
1693 - इंदौर के होल्कर वंश का प्रवर्तक मल्हारराव होल्कर का जन्म।
1901 - महात्मा गांधी के अनुयायी स्वतन्त्रता सेनानी पोट्टि श्रीरामुलु का जन्म।
1906 - भारत के जाने-माने शिक्षाविद और हिन्दी साहित्यकार अम्बिका प्रसाद दिव्य का जन्म।
1916 - हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक तथा फ़िल्म निर्माता दयाकिशन सप्रू का जन्म।
1922 - अमेरिकी टेलीविजन पटकथा लेखक और नाटककार हार्डिंग लेमेय का जन्म।
1922 - सुल्तान फवाद प्रथम मिस्र के सुल्तान बने, इंग्लैंड ने मिस्र को मान्यता दी।
1939 - जर्मनी ने चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा किया।
1959 - इराक और सोवियत संघ ने आर्थिक एवं तकनीकी समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1978 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1989- मिस्र में चिपोज के पिरामिड में 4400 साल पुरानी 'ममी' मिली।
1995- नासा अंतरिक्ष यात्री नॉर्मन रूसी अंतरिक्ष स्टेशन मीर का दौरा करने वाले पहले अमेरिकी बने।
1998- चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन पुन- राष्ट्रपति निर्वाचित।
2003-- ग्रीन स्मिथ दक्षिण अफ़्रीका के क्रिकेट कप्तान बने।

समाज को पारदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता - दीपक पांडिया

नई दिल्ली। आज हम एक ऐसे समाज और राष्ट्र की परिकल्पना करते हैं जहां समाज का अंतिम व्यक्ति भी महसूस करें कि देश के प्रत्येक विकास में उसकी भी अहम भूमिका और हिस्सेदारी है। लोकतंत्र की गूँज और राष्ट्र उत्थान में उसके पसीने की गंध का भी मोल हो, तभी सही मायने में लोकशाही का राम-राज्य स्थापित हो सकेगा। एक ऐसा समाज जो पारदर्शी नेतृत्व, आधुनिक तकनीक और नेक नीयत के साथ बुजुर्गों का सम्मान, स्त्रियों की सुरक्षा और नौनिहालों के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी देता हो, यह कहना था राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के कन्वीनर एडमिन दीपक पांडिया का, उन्होंने कहा की जहां सरकार दाता के अहंकार में और जनता याचक के रूप में न हों, अपितु सरकार अपना दायित्व निर्वहन करते हुए प्रत्येक नागरिक के घर-द्वार तक सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के लॉन्च के अवसर पर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें ब्रिगेडियर बी. के. खन्ना को चीफ कन्वीनर, दीपक पांडिया को कन्वीनर एडमिन, एन. के. शर्मा को कन्वीनर फाइनेंस, डॉ. एल. सी. शर्मा को मेंटोर और रेणु नेगी को कन्वीनर मीडिया रिलेशन नियुक्त किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड में जे. पी. सिंह, अलोक कुमार, आईएएस रिटायर्ड गौतम मारवाह, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी और ब्रिगेडियर विनोद दत्ता शामिल हुए। ब्रिग्रेडियर खन्ना एक अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व है उन्होंने सेना में रहकर देश के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की हैं तथा 1987 में भारत की सेना ने जब श्रीलंका में शांति के लिए भेजी गई थी तो ब्रिगेडियर खन्ना ने उसमें अहम भूमिका निभाई थी, इन्होंने समाज सेवा में सर्वोच्च सेवाओं को प्रदान करने का गौरव हासिल किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए हमारा पूरा जीवन देश के प्रति समर्पित रहा है और हर चुनौती को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे है, आज इस लोकनीति के तहत हम लोगों ने जो संकल्प लिया है उसे भी अवश्य पूरा करेंगे।

एन. के. शर्मा ने कहा की आज की स्थितियाँ इतनी बदल चुकी हैं कि व्यक्ति,परिवार, समाज समेत शिक्षा, स्वास्थ्य,प्रशासन, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्र पूरी तरह नवीन और भिन्न हो चुके हैं। ऐसे में हमारी सदियों पुराने प्रशासनिक ढाँचे पर आधारित राजनीति पूरी तरह बेमानी साबित हो चुकी है। हमारी पार्टी का उद्देश्य स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, शिक्षा और अन्य सभी प्रभागों में नए सुधारों के साथ घर द्वार की सेवाओं को लाना ताकि लोग अपनी सेवाओं में 100 प्रतिशत क्षमता के साथ कार्य कर सके, प्रत्येक पंचायत में उसी क्षेत्र के 15 लोगों को रोजगार जो हर सेवा को घर पर ही उपलब्ध करवाएंगे, सरकारी एवं निजी स्कूलों में एक समान व्यवस्था, फीस ढांचा एवं अन्य सुविधाओं को भी एक समान करना है।

यह एक बड़ी सच्चाई है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक गणराज्य है, जिसका हमें गर्व भी है। परन्तु एक देश को लोकतान्त्रिक तभी समझा जाना चाहिए जब वहाँ लोकतंत्र के माध्यम से सुशासन की स्थापना हो, अन्यथा यह बात दिवास्वप्न ही होगी।

पार्टी के मेंटोर डॉ. एल. सी. शर्मा ने कहा की हमारा उद्देश्य है नए परिपेक्ष्य में नई सोच और नेतृत्व को आगे लाना, व्यवस्था में नई सहयोगात्मक एवं विकासात्मक सोच एवं शासन प्रणाली की रणनीति का प्रादुर्भाव, समुचित एवं अधिकतम तकनीक आधारित शासन व्यवस्था, जिम्मेवारी एवं आमजन में प्रसन्नता एवं मुस्कान के लिए सेवाएं, शासन व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय करना आदि कुछ प्रमुख है। जे. पी. सिंह ने कहा की व्यवस्था बदल रही है तो हम क्यों न बदले, नेताओं के साथ नागरिकों की भी रेटिंग तय हो, जब दूसरे देश यह कर सकते है तो हम क्यों नहीं। पार्टी का एजेंडा बिल्कुल सही है यह नई दिशा तय करने वाली है। रेणु नेगी ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी पार्टी में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रहेगी जिसमें हम महिलाओं की समस्याओं को और अच्छे तरीके से दूर कर सकेंगे। देश की आवाम और मज़बूत स्तंभ मीडिया के साथ इस राष्ट्रीय लोकनीति और लोकतंत्र की नींव को मज़बूत करने के उद्देश्य से सहयोग और समर्थन की अपील करता है। एक पारदर्षी जिम्मेवार सरकार की परिकल्पना एवं कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाति,धर्म और संप्रदायों से ऊपर उठकर समान राष्ट्र के पुननिर्माण के लिए राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी का आरंभ देश की राजधानी दिल्ली से किया गया है ।

वर्ग पहेली 5421

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६			■		■	७			
	■	८	९				■		■
■	१०	■		■	■	■	११	■	१२
१३				■	१४	■	१५		
■		■	१६				■	■	
१७			■	■		■	१८	१९	
	■	■	२०			२१	■		■
२२				■	■	२३			

बायें से दायें:-

१. प्रेम भरी बातचीत
३. निछावर
५. अस्तित्व (उर्दू)
६. गाने वाला
७. शाक, सब्जी
८. चंद्रमा
१३. मेहनत
१५. आईना
१६. लुंगी
१७. प्रण
१८. जुड़ा, मिला हुआ, सहित
२०. प्रार्थना के योग्य
२२. मामूली
२३. सूर्य

ऊपर से नीचे:-

१. दर्शक-दीर्घा
२. फायदेमंद
३. बहुत ही बुरा (उर्दू)
४. भय-दुख व पीड़ा से पीड़ित होकर जोर से रोना-चिल्लाना
५. भारी (उर्दू)
९. तकलीफ़, झंझट (उर्दू)
१०. अंत, अवसान, नतीजा
११. लज्जत, जायका
१२. उऋण, जिसने कर्ज से छुटकारा पा लिया हो
१४. आय (उर्दू)
१७. तारीफ़
१९. जवाब, तरुण
२०. जान, जी, दम
२१. अगर

वर्ग पहेली-5420 का हल

१ गु	रू	२ कु	ल	■	■	३ अ	व	४ गु	ण
म	■	स	■	५ वि	ग्र	ह	■	ज	■
६ च	र	म	■	लं	■	७ म	नो	द	८ शा
र	■	म	क	९ ब	य	क	■	स्ता	■
■	१० प	■	११ या	■	■	■	१२ आ	■	वि
१३ प	रि	श्र	म	■	१३ मु	■	दि	क्क	त
■	चि	■	त	म	च	र	■	■	र
मृ	त	क	■	■	ल	■	च	र	ण
२० णा	■	■	आ	ज्ञा	का	२१ री	■	वि	■
ल	बा	२३ ल	ब	■	■	ति	लां	ज	लि

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

विश्व में कोरोना से 26.53 लाख से अधिक लोगों की मौत

वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो/नई दिल्ली, 15 मार्च (एजेंसियां)। विश्व भर में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा 26.53 लाख से अधिक हो गया है जबकि संक्रमितों की संख्या 11.98 करोड़ से अधिक हो गई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में कोरोना वायरस से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 11 करोड़ 98 लाख 75 हजार 420 हो गई है जबकि इस महामारी से 26 लाख 53 हजार 652 लोगों की जान जा चुकी है।

वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है तथा यहां संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 94 लाख 38 हजार 775 हो गई है जबकि पांच लाख 34 हजार 888 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। दुनिया में एक करोड़ से अधिक कोरोना मामलों की संख्या वाले तीन देशों में शामिल ब्राजील दूसरे स्थान पर है और यहां अब तक एक करोड़ 14 लाख 83 हजार 370 लोग इस वायरस के संक्रमण से प्रभावित हुए है और 2.78 लाख से अधिक मरीजों की मौत हो चुकी है। भारत संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर बना हुआ है। यहां संक्रमितों की कुल संख्या एक करोड़ 13 लाख 85 हजार 339 तक पहुंच गई है, हालांकि यहां 1,10,07,352 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय

मामले 8,718 से बढ़ने से 2,19,262 हो गये हैं। इसी अवधि में 118 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,58,725 हो गई है। अमेरिका, ब्राजील और भारत के बाद कोरोना वायरस से सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल चौथे स्थान पर रूस है। रूस में कोरोना वायरस से 43.41 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 90,558 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस से 42.71 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 1,25,752 लोगों की मौत हुई है। फ्रांस में 41.31 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 90,558 मरीजों की मौत हुई है। इटली संक्रमितों के मामले में स्पेन से आगे निकल गया है यहां संक्रमितों की संख्या 32.23 लाख से अधिक हो गई है और 102,145 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन में इस महामारी से अब तक 31.83 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 72,258 लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्की में कोरोना वायरस से अब तक 28.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 29,489 लोगों ने जान गंवाई है। जर्मनी में इस वायरस की चपेट में आने वालों की संख्या 25.78 लाख से अधिक हो गई है और 73,463 लोगों की मौत हो चुकी है।

दुनिया को जानें

दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल लगभग बनकर है तैयार

नई दिल्ली। एफिल टावर से भी ऊंची और कुतुब मीनार से दोगुनी ऊंचाई का रेलवे पुल लगभग बनकर तैयार हो गया है। जम्मू कश्मीर बारामुला लिंक रेल प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले चेनाब आर्क का लोअर आर्क सफलतापूर्वक बन चुका है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने बताया कि लोअर आर्क के बाद जल्द ही इस महीने के अंत तक अपर आर्क बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद जल्द ही इस पुल पर रेलवे ट्रैक बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि

272 किलोमीटर लम्बाई वाले इस रेल लिंक में 161 किलोमीटर बनकर तैयार हो गया है और शेष जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। मजेदार बात यह है कि इसमें 119 किलोमीटर केवल टनल ही है जिसके माध्यम से रेल ट्रैक गुजरेगी।